

## एक नजर में

### योजनाओं पर आधारित कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। युवा भारत के जिला युवा अधिकारी कपिल सैन के निर्देशन में आज प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविधालय के विवेकानन्द हाल में एक दिवसीय प्रमुख योजनओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सार्थक संस्थान के संचालक मनोज चौवे ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ केसी जैन तथा प्रशिक्षक के रूप में लीड बैक मैनेजर कैलाश नारायण आर्या एवं जनअभियान परिषद के जिला संमन्वयक डॉ सुनील कटियार उपस्थित रहे।**

सर्व प्रथम सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। ततउपरांत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित कार्यशाला के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित डॉ राजेश कुमार सैनी सहायक प्राध्यापक ने उच्च षिक्षा विभाग से संचालित जनकल्याण कारी योजनओं की विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। द्वितीय प्रशिक्षक लीड वैक मैनेजर कैलाश नारायण आर्या ने बैंक से सबंधित जानकारी दी।

# कलेक्टर ने रक्तदान कर किया सेवा पर्व का शुभारंभ

**2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन होगा कार्यक्रम का समापन**

**15 दिवस सेवा पर्व के तहत होंगे अनेक आयोजन**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पर्व का बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बीते दिनों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जिले के अधिकारियों को निर्देशित कर चुके थे। जिसके चलते 15 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत बुधवार को जिले भर में की गई। इस अभियान के तहत तमाम प्रकार के आयोजन सेवा पर्व के रूप में किए जाना है। इसी श्रंखला में अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहित स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिसके चलते कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला अस्पताल पहुंचकर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए स्वयं रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपनी अहम सहभागिता निभाई है।**




इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि रक्तदान करना एक पुण्य का कार्य है। इस कार्य में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होनें कहा कि सेवा पर्व कार्यक्रम 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाना है। इस सेवा पर्व कार्यक्रम में अभियान की थीम स्वच्छोत्सव है। अभियान का केन्द्रीय विषय स्वच्छता ही सेवा है, इसलिए पूरे अभियान के दौरान रक्तदान शिविर लगाने सहितगतिविधियां आयोजित होगी। इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर में टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, रक्तदान शिविर भी आयोजित होगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम एवं मां की बगिया अंतर्गत पौधारोपण शमिल है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता सिंह, विवेक चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के अलावा डॉ. श्रीमती मेघा खरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जिन्होने जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में रक्तदान कर सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम एवं मां की बगिया अंतर्गत पौधारोपण अभियान भी शामिल रहेगा।

### समाजसेवियों ने देखा प्रधानमंत्री का प्रसारण

सेवा पर्व कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर पालिका के सभागार में इस अभियान के तहत स्वच्छता की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नपा ने एलईडी के माध्यम से शहर के समाजसेवियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रसारण दिखवाया। इस मौके पर सभी ने अपने घर, गली मुहल्लों में सफाई रखने की शपथ ली। नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक यादवेन्द्र सिंह, नगर के प्रथम नागरिक अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, सीएमओ ओमपाल भदौरिया, पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, भाजपा नेता राजेन्द्र तिवारी सहित नपा के पार्षद मौजूद रहे। सीएमओ ने सभी से शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की है।

### भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को किया साफ

पलेरा नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। किसी क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के पहले दिन बुधवार को पलेरा नगर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वृहद साफ-सफाई की गई। इस दौरान सड़कों पर झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर के थाना तिराहे पर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता करते हुए बड़ा बस स्टैंड, छोटा बस स्टैंड, इमाम चौक आदि जगहों पर हाथ में झाडू लेकर भाजपा नेताओं ने साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

## पेट्रोल पंप पर विवाद का वीडियो आया सामने



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पलेरा नगर के हरितला मंदिर के सामने स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर एक बार फिर विवाद होने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में पेट्रोल पंप के मैनेजर और पंप पर पेट्रोल लेने गए एक उपभोक्ता के बीच हाथापाई किए जाने की पुष्टि की गई है।**

पूरे मामले की प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 10 रेंज मोहल्ला में रहने वाले सुरेंद्र यादव बुधवार के दिन बालाजी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए पहुंचा था। किसी बात को लेकर उपभोक्ता सुरेंद्र यादव और बालाजी पेट्रोल पंप के मैनेजर रमन खरया के बीच हाथापाई शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के देखते ही देखते दोनों ने एक दूसरे को मारपीट करते हुए लहुलुहान दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्यवाही करते हुए 151 के तहत कार्यवाही कर दी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी बालाजी पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के साथ ठगी करने एवं विवाद होने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। नगर के बीचों बीच पेट्रोल पंप जैसी जगह पर इस तरह के ठगी एवं विवादित घटनाओं को लेकर नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। पेट्रोल पंप पर एक बार फिर विवाद होने का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में मैनेजर और पंप पर पेट्रोल लेने गए एक उपभोक्ता के बीच हाथापाई किए जाने की पुष्टि की गई है।

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज पलेरा। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्थानीय नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ो महिलाओं ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपस्थित डॉक्टरों से स्वास्थ्य परीक्षण कराया।**

शिविर के दौरान जानकारी देते हुए एमबीबीएस डॉक्टर मुकेश साहू ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। डॉ साहू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर के लिए व्यापक जांच सुनिश्चित करना है। इसके अलावा मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए टीकाकरण प्रयासों और पोषण संबंधी लाभों का समर्थन करना है। इस दौरान बीएमओ डॉक्टर अजय गुप्ता, डॉ अंकित राजपूत, डॉ आशीष यदुवंशी, डॉ धर्मेंद्र प्रजापति,आयुष डॉक्टर फिरोज बानो समेत समस्त एएनएम एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## जगदीश बने समाज के निर्विरोध अध्यक्ष



**नवभारत न्यूज पलेरा। स्थानीय नगर में बीते बुधवार के दिन गहोई वैश्य समाज का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ।**

निर्वाचन प्रक्रिया में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए जगदीश ददरया को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके पश्चात दिनेश बरसैंया को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर गहोई समाज के बंधुओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस दौरान सुनील गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रम्मू सरावगी, मनीष कंथारिया, राजेश गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, विक्की बरसैंया, दिनेश गुप्ता घूरा वाले, राघवेंद्र गुप्ता, उमेश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, सौरभ खरया, अंकित गुप्ता समेत समाज के सभी वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

बताया गया कि नवागत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अब आयोजित किया जाएगा जिसमें गहोई समाज के लोग बैठक कर इस कार्यक्रम की तिथि को लेकर विचार विमर्श करेगे। इस निर्वाचन कार्यक्रम को लेकर गहोई समाज के लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान समाज के लोग मौजूद रहे। सभी समाजवासियों ने गहोई समाज का अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी गठित होने पर पदाधिकारियों को बधाईयां दीं।

## दबंग व्यक्ति का दो जगह समग्र आईडी में नाम दर्ज




**नवभारत न्यूज खरगापुर। बल्देवगढ़ जनपद अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत फरका पठराई निवासी देवेंद्र सिंह लोधी ने जिला कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायती आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत में एक व्यक्ति के नाम से समग्र आईडी है उसी व्यक्ति का नाम खरगापुर नगर परिषद की समग्र आईडी में भी दर्ज है। दो जगह दर्ज किए गए नामों की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग आवेदक ने कलेक्टर से की है।**

शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया है कि हरदेव सिंह तनय अर्जुन सिंह बुन्देला के परिवार का नाम ग्राम पंचायत फरका पहराई में समग्र परिवार आईडी में नाम शामिल है। इसके साथ ही नगर परिषद खरगापुर की समग्र परिवार आईडी पोर्टल पर उक्त नाम दर्ज है। शिकायतकर्ता ने दिए आवेदन में इस मामले में जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। देवेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि हरदेव सिंह का समस्त परिवार खरगापुर नगर परिषद क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास करता है इसलिये इनका नाम ग्राम फरका पठराई के आईडी पोर्टल से हटाया जाना आवश्यक है। केवल स्थायी निवास नगर खरगापुर के समग्र आईडी पोर्टल पर नाम दर्ज रहना चाहिए।

### महाविद्यालय में पर्यावरण पर प्रतियोगिता संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ में मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर इको क्लब इकाई द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा को लेकर जागरुकता बढ़ाना रहा।**

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई। उन्होंने ओजोन परत की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह परत पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है और इसका क्षरण मानव जीवन व पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। भाषण प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## सीईओ ने कार्यक्रम में शामिल होकर निभाई सहभागिता

**नवभारत न्यूज पलेरा। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने अभियान में शामिल होकर गांव मंदिर प्रांगण में सहभागिता निभाई।**




इस दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई की गई। जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत में लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में सचिवए जीआरएस तथा अन्य विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रोजाना विभिन्न गतिविधियां संचालित होंगी। इनमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधए स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा तथा कचरा प्रबंधन जैसे विषय शामिल रहेंगे। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के दौरान श्रमदानधार्मिक स्थलों और सामुदायिक स्वच्छता संरचनाओं की सफाई कर जनता को जागरूक किया जाएगा। सीईओ के द्वारा क्षेत्र की तमाम ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने अभियान में शामिल हुए।

# वन परिक्षेत्र की भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त

**जतारा रेंजर के निर्देश पर दिया कार्यवाही को अंजाम**

**ट्रेक्टर से जमीन पर जुताई कर किया था अतिक्रमण**

**नवभारत,न्यूज जतारा। जतारा रेंज अंतर्गत वन अमले द्वारा करमौरा परिक्षेत्र सहायक वृत की बीट मगरई नंबर 1 के कंपार्टमेंट नंबर पी.331एवं 315 के वन क्षेत्र में घूरा और गुना गांव के अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए पुराने अतिक्रमण के विरुद्ध रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा टीम बनाकर एवम स्वम मौके से रहकर वनक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही जेसीबी मशीन से की गई है।**



जिसमे वन भूमि पर वर्षो पुराने अवैध अतिक्रमण को दल बल के साथ नष्ट करके खेतों के साथ साथ कच्चे एवं पक्के मकानों को गिराकर गहरी खाई और बड़े गड्ढे खोदकर चारों तरफ से ट्रेंच खोदकर उस पर कटीली झंडियों का बीज बोकर बेदखल किया गया। साथ ही अतिक्रमण बेदखली के दौरान बीट मगरई नंबर 1 के कक्ष क्रमांक 331 में अतिक्रमण वन क्षेत्र में गुना गांव के लोग ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे जिनको मौके से बेदखल करते हुए एक नग नीले रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर जप्त किया जाकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नामजद वन अपराध पंजीबद्ध करके ट्रैक्टर को राजसात की कार्यवाही के लिए जतारा परिक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित खड़ा कराया गया। उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही वन संरक्षक वन वृत छतरपुर और वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देश के अनुक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में की गई जिसमे वन विभाग जतारा का संपूर्ण वन अमला शामिल रहा। जतारा रेंज अंतर्गत वन अमले द्वारा करमौरा परिक्षेत्र सहायक वृत की बीट मगरई नंबर 1 के कंपार्टमेंट नंबर पी.331एवं 315 के वन क्षेत्र में घूरा और गुना गांव के अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए पुराने अतिक्रमण के विरुद्ध रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा टीम बनाकर एवम स्वम मौके से रहकर वनक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही जेसीबी मशीन से की गई है।

**घटना** नकाबपोश बदमाशों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# अज्ञात चोरों ने सूने मकान को बनाया अपना निशाना

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इन दिनों चोरों के दिमाग से पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है और बह जिले भर में आए दिन चोरी की घटनााओं को अंजाम दे रहे है। जिसके चलते मंगलवार-बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दे डाला। शिकायत मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर आगे की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।**



जानकारी के अनुसार शहर की गणेशपुरम कॉलोनी में एक सूने मकान में चोरी की वारदात हुई है। जिसमें तीन नकाबपोश बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें आरोपी चोरी का सामान लेकर निकलते दिख रहे हैं। यह घटना बुधवार तड़के सुबह तकरीबन 4 बजे की बताई जा रही है। अज्ञात चोरों ने गणेशपुरम निवासीअंकुज खरे के किराए के मकान को निशाना बनाया। चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चुराकर ले गए। पीड़ित परिवार मंगलवार को अपनी दादी के श्राद्ध में शामिल होने के लिए पत्नी और बच्चों के साथ अपने गांव लार खुर्द गया था। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे जब परिवार घर लौटा तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। अंकुज खरे ने बताया कि उनकी शादी जून में हुई थी। उनकी पत्नी सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। शादी में मिले सोने की अंगूठी, चांदी की पायलें, बिछिया सहित अन्य जेवरात अलमारी में रखे थे। इसके अलावा 20 हजार रुपए नकद भी थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। इन दिनों चोरों के दिमाग से पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है और बह जिले भर में आए दिन चोरी की घटनााओं को अंजाम दे रहे है। जिसके चलते मंगलवार-बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दे डाला। शिकायत मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर आगे की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### 3 लाख रुपये बताई जा रही सामान की कीमत

गणेशपुरम कॉलोनी निवासी पीड़ित अंकुज खरे ने बताया कि उनकी शादी जून में हुई थी। उनकी पत्नी सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। शादी में मिले सोने की अंगूठी, चांदी की पायलें, बिछिया सहित अन्य जेवरात अलमारी में रखे थे। इसके अलावा 20 हजार रुपए नकद भी थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है।

## अवैध मदिरा के विक्रय पर कार्यवाही

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे के निर्देशानुसार व सहायक जिला आबकारी अधिकारी हसनलाल गोहिया के मार्गदर्शन में ग्राम श्रीनगर में अवैध रूप से मदिरा विक्रय पर कार्यवाही की गई।**

तदनुसार मुखविर की सूचना पर प्रवेश लोधी तनय प्रकाश लोधी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम श्रीनगर थाना देहात टीकमगढ़, मनोहर सिंह लोधी तनय कमला लोधी उम्र 41वर्ष निवासी करेरा थाना देहात मौके से फरार एवं परम लोधी तनय हरप्रसाद लोधी उम्र 37 वर्ष निवासी जसवंतनगर थाना देहात मौके से फरार के कब्जे से 45 लीटर देशी मदिरा प्लेन एवं एवं 18 लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिट सन्नी विहिस्की शराब कुल 63 बल्क लीटर एवं एक चार पहिया वाहन को आवकारी पुलिस के अमले ने जप्त करने की कार्यवाही की है।

## वन स्टॉप सेंटर ने की महिला की मदद



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वन स्टॉप सेंटर लगातार घरेलू हिंसा एवं विपरीत परिस्थितियों से जूझ रही महिलाओं के लिए मदद कर अपनी एक अलग ही छाप छोड़ता नजर आ रहा है और वर्षों से चल रही पारिवारिक कलह को समझाइस द्वारा निपटा कर पीड़ित महिला को स्वतंत्र एवं बेखोफ खुशहाल वैवाहिक जीवन प्रारंभ करने का आत्मविश्वास की किरण जगा कर उनके मनोबल को बढ़ाता है।**

ऐसे ही कहानी है एक महिला प्रीति पत्नि राघवेंद्र निवासी टीकमगढ़ की, जो कि 9 महीने गभर्वती है। आवेदिका ने बताया उसका पति शराब पीकर आये दिन उसके साथ अत्यधिक मारपीट करता था आवेदिका के ससुराल पक्ष भी पति का ही साथ देते थे जब पहली बार आवेदिका गर्भवती हुई तब भी पति व ससुराल पक्ष द्वारा जिम्मेदारियां से भाग कर मारपीट करके आवेदिका को मायके भेज दिया था लेकिन एक पुत्री का वैवाहिक जीवन बना बना रहे।